शराब के गैर जिम्मेदाराना उपभोग के दुष्प्रभाव पर कार्यक्रम

31 August 2024

शराब के गैर जिम्मेदाराना उपभोग के दुष्प्रभाव पर हितधारक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनाँक 30 अगस्त 2024, शुक्रवार को कंज्यूमर वॉयस दिल्ली व कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान मे शराब के गैर जिम्मेदाराना उपभोग के उपभोक्ता पर पड़ने वाले सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य के पहलुओं पर एक हितधारकों का परामर्श का आयोजन होटल गोमती में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आर० एल० राजवंशी राज्य मद्यनिषेध अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा की गई, कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा. अखिलेश कुमार निगम, पुलिस उपमहानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, जलज मिश्र, सेवानिवृत्त क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी, डॉ.भरत राज सिंह, महानिदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस), हेमंत उपाध्याय, अध्यक्ष,कंज्यूमर वॉयस नयी दिल्ली, डॉ प्रवेश द्विवेदी, निदेशक समर्थ, मनीष

अग्रवाल, उपाध्यक्ष एसोचैम उत्तर प्रदेश द्वारा शराब के गैर जिम्मेदाराना उपभोग से होने वाले दुष्प्रभाव विस्तार से चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी हित धारकों में आपसी समन्वय से शराब सेवन के प्रति उपभोक्ता को सचेत रहने हेतु अभियान आगे भी जारी रखने के प्रति सहमती बनी। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि शराब पीने से युवाओं को सबसे ज्यादा खतरा, कार्य क्षमता पर पड़ता है बुरा प्रभाव – एक सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार देश में 16 करोड़ और उत्तर प्रदेश में 4.2 करोड़ लोग करते है शराब का सेवन।

कार्यक्रम का संचालन अभिषेक श्रीवास्तव, अधिवक्ता, अध्यक्ष कंज्यूमर गिल्ड द्वारा किया गया, कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के विषय विशेषज्ञों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

---

https://ghoomtaaina.in/stakeholder-consultation-program-organized-on-ill-effects-of-irresponsible-consumption-of-alcohol-lucknow/